शी न्यूज़ SHE NEWS

महिला उद्यमियों में नई सोच को बढ़ाएगा 'बिजनेस बूस्टर'

महिलाओं के लिए निशुल्क प्रशिक्षण शुरू

पत्रिका बिजनेस बूस्टर

राजस्थान पत्रिका | Entrepreneurship Development Institute of India

पत्रिका समूह और एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआइआइ), अहमदाबाद की संयुक्त पहल **बिजनेस बूस्टर** प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत गुरुवार को हो गई। पहले बैच में ब्यूटी और वेलनेस से जुड़ी महिला उद्यमियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो छह सप्ताह तक चलेगा। ऑनलाइन उद्घाटन समारोह में ईडीआइआइ के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने कहा कि संभवतः यह देश का पहला मामला है जब किसी भी मीडिया समूह की मदद से इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बदलते बिजनेस इकोसिस्टम में महिलाओं की भागीदारी बढ़नी चाहिए। ईडीआइआइ बेंगलूरु चैप्टर के डायरेक्टर रमन गुजराल ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से महिलाओं को बहुत मदद मिलेगी। उन्हें ऐसे अवसर मिलते रहने चाहिए। पत्रिका समूह के वाइस प्रेसीडेंट अरविंद कालिया ने कहा कि महिलाएं अब सक्षम हो रही हैं। पत्रिका स्थापना के समय से ही सामाजिक सरोकार के लिए जाना जाता है। आगे भी ऐसे कार्यक्रम होते रहेंगे। समारोह में ईडीआइआई की ओर से प्रोग्राम कॉर्डिनेटर डॉ. अमित कुमार द्विवेदी ने धन्यवाद ज्ञापित और शीतल ने संचालन किया।

उद्यमी की तरह सोच भी जरूरी है

पहले दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम में ईडीआइआइ की फैक्लटी वैशाली मित्रा ने कहा कि उद्यमी बनने के लिए सोच व एटिट्यूड लाने और अपनी कमियों को दूर करने पर ध्यान दें। प्रशिक्षण को लेकर महिला उद्यमियों का खासा उत्साह देखने को मिला।

महिलाएं अब केवल अचार-पापड़ वाले बिजनेस तक ही सीमित नहीं है। वे भी नई-नई तकनीक सीखकर हर क्षेत्र में आगे आ रही हैं।

डॉ. सुनील शुक्ला,
महानिदेशक,
ईडीआइआइ, अहमदाबाद

ट्रेंडिंग टॉपिक

News ऑफ द डे